कोलकाता, गुरुवार
24.03.2022

# प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

पेज 08

prabhatkhabar.com

कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित



# डीपीएस के प्राचार्य को मिला 'ग्लोबल प्रिंसिपल अवार्ड'

**आसनसोल.** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्राचार्य आर.डी. शर्मा को ख्यातिलब्ध ए.के.एस.एजुकेशन संस्थान द्वारा 'ग्लोबल प्रिंसिपल्स अवार्ड - 2021' से सम्मानित किया गया है. 'ग्लोबल प्रिंसिपल्स अवार्ड - 2021' समारोह का आयोजन 26 फरवरी 2022 को 'द लीला एम्बिएन्स होटल गुरुग्राम' में होना निश्चित हुआ था किन्तु कोरोना संक्रमण के चलते इस समारोह को विगत दिवस वर्चुअल माध्यम से ही सम्पन्न किया गया. ए. के. एस. एजुकेशन संस्थान द्वारा समाज तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देनेवाली विशिष्ट प्रतिभाओं को आगे लाने व प्रोत्साहित करने के उदेश्य से इस सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है. 34 से भी अधिक देशों के शिक्षाविदों को इस अवार्ड हेतु नामांकन सूची में शामिल किया गया. जटिल चयन प्रक्रिया के तहत नामांकित सदस्य के प्रोफाइल (पार्श्व चित्र), सी. वी. तथा विद्यालय के प्रोफाइल को चयन हेतु निश्चित किए गए मानदंडों पर आँका जाता है.



विशेषज्ञों की समिति द्वारा नामांकित व्यक्तियों के साथ विशिष्ट विषयों पर गहन चर्चा और उनके प्रोफ़ाइल के हर पहलू पर विचार–विमर्श के बाद ही अवार्ड हेतु नाम प्रस्तावित किया जाता है. तत्पश्चात अग्रिम प्रक्रिया हेतु नाम प्रेषित किया जाता है. वर्ष 2021 के 'ग्लोबल प्रिंसिपल्स अवार्ड' हेतु दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्राचार्य आर.डी. शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु चयनित सूची में शामिल किया गया. अध्यापकों तथा अन्य कर्मचारियों ने प्राचार्य को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में कार्य करने पर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव किया. दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के मैनेजिंग ट्रस्टी प्रतीक गोयनका ने प्राचार्य की इस अनूठी उपलब्धि हेतु शुभकामनाएं दी हैं.